# न्यायालय- उपजिलाधिकारी

**जनपद - सहारनपुर, तहसील - बेहट**

**कंप्यूटरीकृत संख्या :- T802025054626**

**आवेदक का नाम :- मैजिक इण्डिया हाईटेक प्रोजक्टस प्रा०ली० फलेट न० जी1 प्लाट न० 766 सेक्टर 5 वैशाली गाजियाबाद दुवारा डायरेक्टर संतोष कुमार व राकेश कुमार**

**अंतर्गत धारा:- 80, अधिनियम :- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006**

**आदेश तिथि:- 22/09/2025**

**आदेश**

आदेश

प्रस्तुत वाद की कार्यवाही मैजिक इण्डिया हाईटेक प्रोजक्ट्स प्रा0लि0 फ्लैट नम्बर जी 1 प्लाट नं0 766 सेक्टर 5 वैशाली गाजियाबाद द्वारा डायरेक्टर संतोष कुमार पुत्र अशरफी लाल निवासी फ्लैट नं0 जी 1 प्लाट नं 766 वैशाली गाजियाबाद व राकेश कुमार पुत्र भीम सैन निवासी रानीवाला चैंक सराय किरोडी खुर्जा बुलंदशहर के द्वारा आॅनलाईन किये गये प्रार्थना-पत्र पर नायब तहसीलदार मु0बाद की आख्या के आधार पर गतिमान हुयी। वादी द्वारा अपने वाद पत्र में मुख्यतः अंकित किया गया कि ग्राम खुशहालीपुर पर0 मु0बाद तहसील बेहट के खसरा नम्बर 2 रकबई 0.5020हे0 में से 0.3510हे0 में स्थित भूमि का लगान समाप्त कर भूमि को अकृषिक घोषित कराये जाने का अनुरोध किया गया।

उक्त के सम्बन्ध में नायब तहसीलदार मु0बाद से आख्या प्राप्त की गयी, जिसके अत्रगत नायब तहसीलदार मु0बाद द्वारा उल्लिखित किया गया है कि “ मैजिक इण्डिया हाईटेक प्रोजक्ट्स प्रा0लि0 फ्लैट नम्बर जी 1 प्लाट नं0 766 सेक्टर 5 वैशाली गाजियाबाद द्वारा डायरेक्टर संतोष कुमार पुत्र अशरफी लाल निवासी फ्लैट नं0 जी 1 प्लाट नं 766 वैशाली गाजियाबाद व राकेश कुमार पुत्र भीम सैन निवासी रानीवाला चैंक सराय किरोडी खुर्जा बुलंदशहर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम खुशहालीपुर पर0 मु0बाद तहसील बेहट के खसरा नम्बर 2 रकबई 0.5020हे0 में से 0.3510हे0 का संक्रमणीय भूमिधर है, जो कि आवासीय के रूप प्रयोजन में आ रही है। धारा 80(1) के अन्तर्गत घोषणा हेतु प्रस्तावित भूमि का सम्मिलित खाता है, उक्त खाते के सभी सहखातेदारों के शपथपत्र उपलब्ध है। प्रश्नगत भूमि के सम्बन्ध में कोई वाद किसी धारा के अन्तर्गत विचाराधीन नही है। प्रस्तावित गाटे की अवस्थिति किसी स्थानीय निकाय अथवा प्राधिकरण द्वारा घोषित किसी महायोजना के अन्तर्गत नही है। उक्त भूमि सार्वजनिक श्रेणी की भूमि नही है। प्रश्नगत भूमि को उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 80(1) के अन्तर्गत अकृषिक घोषणा हेतु आख्या संस्तुति सहित प्रेषित की गई।

प्रश्नगत भूमि की जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी निर्धारित सर्किल रेट लिस्ट दिनांक 01.05.2025 के अनुसार 01 प्रतिशत उद्घोषणा शुल्क एवं न्यायालय शुल्क के रूप में 18653/- रुपये आॅनलाईन पोर्टल पर जमा करा दिया गया है।

अतः नायब तहसीलदार मु0बाद की आख्या के आधार पर मैजिक इण्डिया हाईटेक प्रोजक्ट्स प्रा0लि0 फ्लैट

नम्बर जी 1 प्लाट नं0 766 सेक्टर 5 वैशाली गाजियाबाद द्वारा डायरेक्टर संतोष कुमार पुत्र अशरफी लाल निवासी फ्लैट नं0 जी 1 प्लाट नं 766 वैशाली गाजियाबाद व राकेश कुमार पुत्र भीम सैन निवासी रानीवाला चैंक सराय किरोडी खुर्जा बुलंदशहर की ग्राम खुशहालीपुर पर0 मु0बाद तहसील बेहट के खसरा नम्बर 2 रकबई 0.5020हे0 में से 0.3510हे0 भूमि से लगान समाप्त करते हुए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-80 (1) के अन्तर्गत अकृषिक किया जाता है, किन्तु यदि भविष्य में उक्त आदेश किसी भूमि अर्जन/अधिग्रहण आदि से प्रभावित होता है तो उक्त आदेश शासकीय हित में स्वतः निष्प्रभावी हो जायेगा। आदेश की एक-एक प्रति तहसीलदार बेहट को अभिलेखों में प्रविष्टि करने हेतु एवं उप निबन्धक बेहट को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाए। बाद पूर्ति पत्रावली राजस्व अभिलेखों में संचित की जाए।

दिनांकः 22,सितम्बर, 2025

उप जिलाधिकारी,
बेहट-सहारनपुर।

Digitally Signed by:
MANVENDRA SINGH
उपजिलाधिकारी
दिनांक समय: 22-09-2025 08:05:54 PM